**खबर संक्षेप**

### श्री मारवाड़ी सेवा संघ का 38वां वार्षिक अधिवेशन आज

**सतना।** श्री मारवाड़ी सेवा संघ सतना का 38वां वार्षिक अधिवेशन आज,रविवार 20 जुलाई को आयोजित किया जाएगा। यह अधिवेशन शाम 5 बजे से मारवाड़ी सेवा सदन,गौशाला चौक में होगा। अधिवेशन की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष मोतीलाल गोयल करेंगे। इस महत्वपूर्ण बैठक में श्री मारवाड़ी सेवा संघ की कार्यकारिणी एवं संरक्षक समिति के चुनाव भी संपन्न होंगे।

### कलेक्टर ने किया कंट्रोल रूम का निरीक्षण

**सतना।** रीवा संभाग और मैहर जिले में लगातार जारी बारिश में अतिवृष्टि की स्थिति में आपदा प्रबंधन एवं सूचनाओं के संकलन के लिए कार्यालय कलेक्टर मैहर में 24 घण्टे कन्ट्रोल रूम का संचालन किया जा रहा है। कलेक्टर रानी बाटड ने शनिवार को मैहर जिले के कन्ट्रोल रूम का आकस्मिक निरीक्षण किया और आवश्यक सुधार संबंधी निर्देश दिए।

### सतना जिले में अब तक 565.7 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**सतना।** सतना जिले में इस वर्ष 1 जून से 19 जुलाई तक 565.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है।अधीक्षक भू-अभिलेख सतना से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले की सतना (रघुराज नगर) तहसील में 711.7 मि.मी., सोहावल (रघुराजनगर) में 478.2 मि.मी.,बरौंधा (मझगवां) में 648.8 मि.मी, बिरसिंहपुर में 467.1 मि.मी., रामपुर बाघेलान में 515.5 मि.मी., नागौद में 704 मि.मी., जसो (नागौद) में 252.5 मि.मी. एवं उचेहरा में 738.5 मि.मी.औसत वर्षा अब तक दर्ज की जा चुकी है। जिले की औसत सामान्य वर्षा 891.7 मि.मी. है।

### शासकीय तिलक कॉलेज में किया गया पौधारोपण

**कटनी।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय हरित कोर योजना, राष्ट्रीय सेवा योजना एवं रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में पौधा रोपण किया गया। यह पौधारोपण महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. सुनील कुमार बाजपेई की अध्यक्षता में किया गया। इसके तहत विभिन्न फलदार प्रजातियों जैसे जामुन, अमरूद, नीम, आवलां, हर्रा आदि के पौधे लगाये गये। साथ ही प्राचार्य डॉ. एस. के बाजपेई एवं हरित कोर योजना प्रभारी प्रो. ज्योत्स्ना आठ्या ने पौधों के संरक्षण की शपथ दिलाई।

### महिलाओं के पास से कच्ची शराब जब्त

**कटनी।** एसपी अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में थाना प्रभारी स्लीमनाबाद अखलेश दाहिया एवं उनकी टीम के द्वारा ग्राम नैगवा में अवैध शराब के ठिकाने पर रेड कार्रवाई को अंजाम दिया गया। कार्रवाई करते हुए आरोपीय अनरबाई सपेरा के कब्जे से 5 लीटर, आरोपीया रिंकी और प्रीति सपेरा के कब्जे से 5 लीटर एवं आरोपियन पप्पी सपेरा के कब्जे से 5 लीटर हाथ भट्टी की कच्ची महुआ शराब कुल 15 लीटर कीमती 6000 की अवैध शराब रखे हुए पकड़ी गयी।

# जिला अस्पताल में नर्स की लापरवाही से मासूम बच्ची की मौत का आरोप

सतना।

जिला अस्पताल से एक बार फिर शर्मसार कर देने वाली घटना सामने आई है,जहाँ कथित तौर पर एक नर्स की लापरवाही के कारण ढाई साल की मासूम बच्ची को अपनी जान गंवानी पड़ी।





परिजनों ने आरोप लगाया है कि नर्स ने समय पर ग्लूकोज की बोतल नहीं बदली,जिससे बच्ची को सांस लेने में दिक्कत हुई और कुछ ही सेकंड में उसने दम तोड़ दिया।मृतका बच्ची की माँ ने बताया कि बच्ची पिछले पाँच दिनों से जिला अस्पताल के आईसीयू में भर्ती थी। बच्ची का पेट फूल गया था और वह कुछ खा-पी नहीं रही थी,केवल पानी पी रही थी। पहले उसे गोरहिया गाँव से मैहर अस्पताल में भर्ती कराया गया था,जहाँ से उसे सतना रेफर कर दिया गया। सतना में डॉक्टरों ने बच्ची को देखने के बाद आईसीयू में भर्ती कराया था। परिजनों का आरोप है कि गुरुवार दोपहर करीब डेढ़ बजे जब बच्ची की ग्लूकोज की बोतल खाली हो गई,तो उन्होंने नर्स से दूसरी बोतल चढ़ाने का अनुरोध किया। परिजनों के अनुसार,नर्स का जवाब था कि वह बोतल चढ़ा रही है,लेकिन उसने तुरंत बोतल नहीं बदली। परिजनों का दावा है कि इसी देरी के कारण बच्ची को सांस लेने में तकलीफ होने लगी और कुछ ही सेकंड में उसकी साँसें थम गईं। जब माँ ने देखा कि बच्ची की साँस नहीं चल रही है,तो उन्होंने तुरंत डॉक्टर को बुलाया।डॉक्टर ने बच्ची को देखने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना ने अस्पताल प्रबंधन पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। परिजनों और स्थानीय लोगों में गहरा आक्रोश है। वे पूछ रहे हैं कि आखिर क्यों अस्पताल प्रबंधन,सीएस और सीएमएचओ डॉक्टरों और नर्सों पर कार्रवाई नहीं करते? कौन है इस बड़े खेल का मास्टरमाइंड जिससे अधिकारी भी कार्रवाई करने से डरते हैं? यह सवाल उठ रहा है कि आखिर कब तक लोगों की जिंदगी के साथ इस तरह खिलवाड़ किया जाएगा। यह घटना जिला अस्पताल की व्यवस्था और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगाती है। प्रशासन से इस मामले में तत्काल और निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की जा रही है।



## दिवित हार्ट अस्पताल में महिला की मौत के बाद हंगामा, परिजन ने लगाया लापरवाही का आरोप

**सतना।** शहर के प्रतिष्ठित दिवित हार्ट एवं मल्टी स्पेशलिस्ट अस्पताल में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। सोमवार को अस्पताल में भर्ती कराई गई एक महिला मरीज की गुरुवार को स्टेंट डाले जाने के बाद मौत हो गई,जिसके बाद परिजनों ने अस्पताल में जमकर हंगामा किया। परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर घोर लापरवाही का आरोप लगाया है और महिला का शव लेने से इनकार कर दिया था। जानकारी के अनुसार,मृतक महिला का इलाज आयुष्मान कार्ड योजना के तहत चल रहा था। परिजनों का दावा है कि अस्पताल ने उन्हें आयुष्मान कार्ड के नाम पर गुमराह किया और इलाज में अनियमितताएं बरतीं।महिला की मौत की खबर मिलते ही परिजनों का गुस्सा भड़क उठा और उन्होंने अस्पताल परिसर में हंगामा शुरू कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही कोलगवां पुलिस बल तत्काल मौके पर पहुंचा। पुलिस ने स्थिति को संभाला और परिजनों से बातचीत की। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने महिला की मौत का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस की समझाइश के बाद,परिजन महिला के शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए राजी हुए। परिजनों का आरोप है कि दिवित हार्ट स्पेशलिस्ट अस्पताल आयुष्मान कार्ड योजना का दुरुपयोग कर रहा है और मरीजों को सही जानकारी नहीं दी जा रही है। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है और इस पूरे मामले की गहन जांच की अपील की है। फिलहाल,पुलिस मामले की जांच कर रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है,जिसके बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल पाएगा। इस घटना ने सतना में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और आयुष्मान कार्ड योजना के क्रियान्वयन पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## मैहर में एआई सॉफ्टवेयर से ब्लास्ट की झूठी अफवाह फैलाने वाला गिरफ्तार



**मैहर।** पुलिस ने मां शारदा देवी मंदिर में आतंकवादी हमले का फर्जी वीडियो एआई सॉफ्टवेयर का उपयोग करके वायरल करने वाले एक युवक को गिरफ्तार किया है।पुलिस अधीक्षक मैहर सुधीर कुमार अग्रवाल के निर्देश पर कार्रवाई करते हुए,मैहर पुलिस ने वीडियो वायरल होने के महज 12 घंटों के भीतर आरोपी दीपांशु गुप्ता 19 वर्ष,निवासी सीधी को धर दबोचा।18 जुलाई को मैहर मंदिर में ब्लास्ट और श्रद्धालुओं के हताहत होने का एक भ्रामक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से फैला,जिसे 40 लाख से अधिक लोगों ने देखा। इस घटना से लोगों में भारी आक्रोश था। मां शारदा देवी मंदिर कार्यालय अधीक्षक की शिकायत पर थाना कोतवाली मैहर में धारा 192,299,351(1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया। जांच में पता चला कि वीडियो दीपांशु गुप्ता के फेसबुक अकाउंट से वायरल किया गया था। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए दीपांशु को उसके एंड्रॉइड मोबाइल फोन के साथ गिरफ्तार कर लिया,जिसका उपयोग उसने फर्जी वीडियो बनाने और फैलाने के लिए किया था।आरोपी ने पूछताछ में एआई सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल कर झूठा वीडियो बनाने की बात स्वीकार की है। उसे न्यायालय में पेश किया गया है।

## रेलवे स्टेशन परिसर से आधा दर्जन वाहन चोरी



**सतना।** रेलवे स्टेशन पर बीते एक महीने से पार्किंग ठेका खत्म होने से यात्रियों और वाहन चालकों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। यहां पर अभी तक आधा दर्जन मोटरसाइकिल चोरी हो चुकी हैं। हालत यह है कि ठेके की अवधि समाप्त होने के बाद से पार्किंग स्थल लावारिस वाहनों का अड्डा बन गया है,जिससे अव्यवस्था और असुरक्षा का माहौल है। प्रशासन की उदासीनता के चलते यात्रियों को अपने वाहन खुले में छोड़ने पड़ रहे हैं,जिससे वाहनों की चोरी हो रही है। हाल ही में

**1 महीने से पार्किंग ठेका खत्म,वाहन भगवान भरोसे**

आधा दर्जन वाहन चोरी होने की घटनाएं सामने आई हैं,जो इस समस्या की गंभीरता को दर्शाती हैं। रेलवे प्रशासन और स्थानीय अधिकारियों की लापरवाही से यात्री परेशान हैं और जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान चाहते हैं। पार्किंग व्यवस्था बहाल न होने से न केवल सुरक्षा का मुद्दा




है। बल्कि स्टेशन पर भीड़ और जाम की स्थिति भी बन रही है,जिससे यात्रियों को असुविधा हो रही है। इस पर तत्काल ध्यान देना बेहद ज़रूरी है।

## सांसद ने खमरिया में श्रमिकों के साथ किया धान रोपण, चलाया ट्रैक्टर

**सतना। सांसद गणेश सिंह ने आज अपने पैतृक गांव खमरिया स्थित छिरहा खेत में पहुंचकर श्रमिकों के साथ धान का रोपा लगाया। इस दौरान उन्होंने खुद ट्रैक्टर चलाकर किसानों और खेत मजदूरों का उत्साहवर्धन किया। सांसद के इस कदम से स्थानीय किसानों में खुशी का माहौल है। उन्होंने कहा कि वे हमेशा किसानों और मजदूरों के साथ खड़े हैं और उनकी समस्याओं को प्राथमिकता से हल करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह पहल ग्रामीण विकास और कृषि के प्रति उनकी सक्रिय भागीदारी को दर्शाती है।**



## माँ शारदा धाम में कचरे का साम्राज्य मंदिर अस्पताल बना बीमारियों का केंद्र

**मैहर। माँ शारदा मंदिर परिसर स्थित आपातकालीन चिकित्सालय,जिसे लाखों रुपये खर्च कर बनाया गया था,आज गंदगी और सड़ांध का गढ़ बन चुका है। श्रद्धालुओं,खासकर वृद्धों और रोगियों को यहाँ चिकित्सा से पहले संक्रमण का सामना करना पड़ रहा है। यह स्थिति नगर पालिका और मंदिर समिति दोनों की घोर उपेक्षा को उजागर करती है।**

मुख्य नगर पालिका अधिकारी और मंदिर समिति,दोनों ही पवित्र क्षेत्र को स्वच्छ रखने में विफल रहे हैं। नगर पालिका की सफाई व्यवस्था महज औपचारिकता बन गई है,वहीं मंदिर समिति अपनी जिम्मेदारी नगर परिषद पर टाल रही है। यह लापरवाही न केवल प्रशासनिक नियमों का उल्लंघन है,बल्कि धार्मिक मर्यादा का भी अपमान है।कलेक्टर महोदय से आग्रह है कि वे इस गंभीर विषय पर तत्काल कार्यवाही करें। नियमित सीएमओ की अनुपस्थिति और राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी भी इस समस्या को बढ़ा रही है। मंदिर समिति की सफाई व्यवस्था की समीक्षा हो और परिसर में विशेष



स्वच्छता अभियान चलाया जाए,क्योंकि यह तीर्थ भूमि गंदगी की शरणस्थली नहीं होनी चाहिए।

## डाकघरों में आईटी 2.0 एप्लीकेशन का रोलआउट एक डिजिटल परिवर्तन की पहल

**कटनी।** डाक विभाग द्वारा डिजिटल उत्कृष्टता और राष्ट्र निर्माण की दिशा मे बड़ी छलांग लगाते हुये अगली पीढ़ी के APT एप्लीकेशन की शुरुआत की जा रही है। इस परिवर्तनकारी उन्नत प्रणाली को 22 जुलाई से जिले के सभी डाकघरों में लागू किया जाएगा। इस उन्नत डिजिटल प्लेटफॉर्म पर निर्बाध और सुरक्षित बदलाव को लागू करने के लिए सोमवार 21 जुलाई को एक नियोजित डाउनटाइम निर्धारित किया गया है। इस दिन डाकघरों में कोई सार्वजनिक लेनदेन नहीं किया जाएगा। सेवाओं का यह अस्थायी निलंबन डेटा माइग्रेशन, सिस्टम सत्यापन और कॉन्फ़िगरेशन प्रक्रियाओं को सुविधाजनक बनाने के लिए आवश्यक है, जिससे नई प्रणाली सुचारू रूप से लागू हो सके। APT एप्लीकेशन को बेहतर उपयोगकर्ता अनुभव, तीव्र सेवा वितरण और अधिक ग्राहक अनुकूल इंटरफेस प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जो स्मार्ट, कुशल और भविष्य के लिए तैयार डाक संचालन प्रदान करने के लिए डाक विभाग की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। डाक संभाग जबलपुर के प्रवर अधीक्षक ने ग्राहकों से अनुरोध करते हुये कहा कि डाकघर संबंधी कार्य 21 जुलाई से पूर्व करवा लें और इस संक्षिप्त व्यवधान के दौरान धैर्य रखें। ग्राहकों को किसी भी असुविधा के लिए खेद है। ये कदम हर नागरिक को बेहतर, तेज़ और अधिक डिजिटल रूप से सशक्त सेवाएँ प्रदान करने के हित में उठाए जा रहे हैं।

## रोगी कल्याण समिति की कार्यकारिणी सभा की बैठक में कई निर्णय

**सतना।** सरदार वल्लभ भाई पटेल जिला चिकित्सालय सतना की रोगी कल्याण समिति की कार्यकारिणी सभा की शनिवार को कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में संपन्न बैठक में जिला चिकित्सालय में पार्किंग और चिकित्सा सेवाओं के संबंध में चर्चा कर निर्णय लिये गये। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एलके तिवारी,डीन मेडीकल कॉलेज सतना एस.डी.गर्ग, सिविल सर्जन सह अधीक्षक डॉ.मनोज शुक्ला,जिला कार्यक्रम अधिकारी राजीव सिंह,आरएमओ डॉ. शरद दुबे,डॉ.अमर सिंह,डॉ.विजेयता राजपूत,कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण बीआर सिंह तथा पीआईयू सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी समिति सदस्य उपस्थित रहे। रोगी कल्याण समिति की बैठक में सिविल सर्जन डॉ.शुक्ला ने बताया कि जिला चिकित्सालय की रोगी कल्याण समिति की अप्रैल 2025 की बैठक में लिये सभी निर्णय में अनुवर्ती कार्यवाही पूरी कर ली गई है। बैठक में आयुष्मान भारत निरामयम योजना के अंतर्गत प्रदाय किये जाने वाली राशि के लिए बचत खाता रोगी कल्याण समिति के नाम से खोले जाने जेएसवाय और पीएमएसवाय योजना के हितग्राही को रोगी कल्याण समिति से किये गये भुगतान को एनएचएम से वापस दिलाये जाने बावत। जिला चिकिल्सालय सतना में ई-हास्पिटल साफ्टवेयर के संचालन के लिए पूर्व में चयनित आउटसोर्स एजेंसी की जमा प्रतिभूति राशि को 1 लाख रूपये को राजसात करने और इसी स्वीकृत दर पर दूसरी फर्म को कार्य संचालन के संबंध में चर्चा की गई। अधीष्ठा शासकीय चिकित्सालय महाविद्यालय सतना को कार्यकारिणी समिति का सदस्य नामांकित करने और जिला चिकित्सालय के माइनर सिविल वर्क कराये जाने की प्रक्रिया के बारे में चर्चा की गई। आय-व्यय की समीक्षा में बताया गया कि रोगी कल्याण समिति के पास 30 जून 2025 की स्थिति में रोगी कल्याण समिति का 1 करोड 5 लाख 35 हजार रूपये,रोगी कल्याण समिति की दुकानों का प्रीमियम एवं सुरक्षा निधि 50 लाख,वाहन पार्किंग की सुरक्षा निधि 10 लाख 58 हजार,आयुष्मान भारत मद में 10 लाख 55 हजार और गेल इण्डिया के सीएसआर मद से प्राप्त 48 लाख 35 हजार रूपये की राशि शेष के रूप में खाते में जमा है।

## रामपुर बघेलान सेमरा में हुआ आंगनबाड़ी भवन का लोकार्पण

**सतना।** रामपुर बघेलान जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत बीदा के सेमरा अहरी टोला में नवीन आंगनवाडी भवन का लोकार्पण जनपद पंचायत अध्यक्ष रावेंद्र सिंह छोटू ने किया।




कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद पंचायत के वन समिति के सभापति नंद किशोर सिंह पटेल ने की।इस मौके पर नायब तहसीलदार वीरेंद्र सिंह जैसूर,परियोजना अधिकारी महिला बाल विकास स्वेता जुनेजा,पर्यवेक्षक सावित्री विश्वकर्मा,काशी प्रसाद पटेल,कृष्ण कुमार पाण्डेय,आंगनवाडी कार्यकर्ता सीमा सिंह,सुधा, रंजना भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम मे जनपद अध्यक्ष रावेंद्र सिंह ने कहा कि आंगनवाडी केन्द्रों के माध्यम से बच्चों को प्राथमिक ज्ञान और नई जानकारी मिलती है। वहीं बच्चों और गर्भवती महिलाओं को पोषण आहार के माध्यम से उन्हें स्वस्थ रखने का प्रयास किया जाता है। जनपद पंचायत के वन समिति के सभापति नंद किशोर सिंह पटेल ने कहा कि आंगनवाडी केन्द्र के निर्माण के लिए काशी प्रसाद पटेल ने अपनी स्वयं की जमीन दान देकर बच्चों के लिए यह सुविधा प्रदान की है।

## खबर संक्षेप



### अधेड़ हरिजन मजदूर पर दबंगों ने किया लाठी कुल्हाड़ी से हमला

**पन्ना।** जिले के अजयगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम बनेहरी कला निवासी रमेश अहिरवार पिता सुंदरलाल अहिरवार उम्र 50 वर्ष ने जिला अस्पताल पन्ना में उपचार के दौरान जानकारी देते हुए बतलाया कि विगत रात्रि 18 जुलाई के 8रू00 बजे वह अपने घर के पास था तभी गांव के ही भूरा यादव जयकरण यादव लक्ष्मी यादव आए और बोले चलो मुर्गा खरीदने रसूल अली के घर के पास जाना है। वहां पर रमेश अहिरवार उनके कहने पर साथ चला गया। जहां पर मुर्गा की दुकान बंद थी तभी तीनों भूरा यादव जयकरण यादव लक्ष्मी यादव ने लाठी डंडा और कुल्हाड़ी से रमेश अहिरवार की बेरहमी से मारपीट कर दी है। जिससे रमेश अहिरवार के सर पर एवं हाथ में गंभीर चोटे आई हैं। घायल हुए रमेश अहिरवार को थाना अजयगढ़ ले जाया गया, जहां पर पीड़ित मजदूर द्वारा घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। चोटे गंभीर होने के कारण घायल हुए रमेश अहिरवार को उपचार हेतु जिला अस्पताल पन्ना रिफर किया गया है। रमेश अहिरवार का जिला अस्पताल पन्ना में उपचार जारी है। घटना पर थाना अजयगढ़ पुलिस ने प्राथमिक सूचना दर्ज कर घटना से संबंधित जांच कार्यवाही शुरू कर दी है। घायल हुए मजदूर ने बताया कि आरोपी गण काफी दबंग प्रवारती के हैं और वह भविष्य में बड़ी वारदात को अंजाम दे सकते हैं। पीड़ित गरीब मजेदूर ने अपनी जान माल की सुरक्षा की मांग की है।

### सिमरा कलां के ग्रामीणों ने पटवारी को यथावत रखने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



**पवई।** पवई जनपद क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सिमरा कलां के ग्रामीणों ने शुक्रवार को तहसील कार्यालय पहुंचकर एसडीएम के नाम तहसीलदार त्रिलोक सिंह को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने ज्ञापन में मांग की है कि वर्तमान में पदस्थ हल्का पटवारी निर्भय सिंह को स्थानांतरित न किया जाए और उन्हें सिमरा कलां में ही यथावत पदस्थ रखा जाए। ग्रामीणों ने बताया कि पटवारी निर्भय सिंह एक निष्पक्ष, ईमानदार और कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी हैं। उनकी पदस्थापना के बाद से ग्रामवासियों को किसी कार्य के लिए पवई या अन्य स्थानों के चक्कर नहीं काटने पड़े। मात्र एक माह पूर्व ही उनकी सिमरा कलां में पदस्थापना हुई थी, लेकिन अब उनका स्थानांतरण कूपना ग्राम के लिए कर दिया गया है, जिससे ग्रामीणों में असंतोष व्याप्त है। ज्ञापन के माध्यम से ग्रामीणों ने प्रशासन से आग्रह किया है कि जनहित को दृष्टिगत रखते हुए निर्भय सिंह को सिमरा कलां में ही पदस्थ रहने दिया जाए। ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से शिवकुमार पाण्डेय, जगत सिंह, पूरन सिंह सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित रहे।

### अजयगढ़ में वन विभाग की बड़ी कार्रवाई, 8 हेक्टेयर वन भूमि को अतिक्रमण मुक्त करने का अभियान शुरू



**अजयगढ़।** 19 जुलाई 2025 को वन मंडलाधिकारी उत्तर पन्ना के निर्देशन और वन परिक्षेत्र अधिकारी अजयगढ़ पंकज दुबे के कुशल मार्गदर्शन में वन विभाग ने बीट दमचुआ के कक्ष क्रमांक च-206 में पुराने अतिक्रमण को हटाने की जोरदार कार्रवाई शुरू की है। इस अभियान में अजयगढ़ वन परिक्षेत्र का समस्त वन अमला पूरे जोश के साथ जुटा हुआ है। बीट प्रभारी दमचुआ, रामनरेश राजपूत ने बताया कि हर वर्षा ऋतु में वन विभाग अतिक्रमण के खिलाफ विशेष अभियान चलाता है, जो विभाग के प्रमुख एजेंडे का हिस्सा है। इसी कड़ी में दमचुआ के च-206 क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई तेजी से चल रही है, जिसके तहत लगभग 8 हेक्टेयर वनभूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया जा रहा है। यह कार्यवाही न केवल वन संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि पर्यावरण और जैव विविधता को सुरक्षित रखने की दिशा में भी यह अभियान मील का पत्थर साबित होगा।

# नशे से दूरी है जरूरी अभियान के तहत वाहनों पर लगाए गए जागरूकता पंपलेट, दिया गया नशा मुक्ति का संदेश

**नशा मुक्ति संदेश से प्रेरित संकल्प बैज एवं संकल्प ब्रेसलेट पुलिस कर्मियों द्वारा धारण कर किया गया जनजागरण**







मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा पूरे राज्य में संचालित ष्नशे से दूरी है जरूरीष विशेष अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन में पन्ना जिले में यह अभियान बृहद स्तर पर चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज दिनांक 19 जुलाई को जिले के विभिन्न यात्री वाहनों, बसो, ऑटो रिक्शा आदि पर जागरूकता पंपलेट लगाए गए।

हरिभूमि न्यूज, पन्ना।

इस पहल का उद्देश्य आम नागरिकों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए उन्हें नशा छोड़ने और इससे दूर रहने के लिए प्रेरित करना है।कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने प्रमुख सार्वजनिक स्थलों, व्यस्त बाजारों एवं यातायात चौराहों पर आमजन से सीधा संवाद किया तथा उन्हें नशे से होने वाली शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक हानियों की जानकारी दी। साथ ही यह संदेश भी दिया गया कि- 'हमारा है यही संदेश- नशामुक्त हो मध्यप्रदेश'' अभियान को और अधिक जनसंवेदी एवं प्रेरक रूप देने हेतु पुलिस कर्मियों द्वारा विशेष रूप से तैयार किए गए 'संकल्प चिन्ह बैज' को अपनी वर्दी के बाईं ओर (चेस्ट पर) और श्नशा मुक्ति संकल्प ब्रेसलेटश को हाथों में धारण किया गया। यह प्रतीक केवल सजावटी नहीं, बल्कि एक दृढ़ नशामुक्ति संकल्प का परिचायक हैं। इन चिन्हों एवं ब्रेसलेट्स को अभियान से जुड़े नागरिकों, विशेषकर युवाओं को भी वितरित किया गया। लोगों को यह बताया गया कि यह केवल एक बैज और बैंड नहीं, बल्कि एक सामाजिक संकल्प है कि-मैं नशे से दूर रहूंगा और समाज को भी प्रेरित करूंगा।''पुलिस अधिकारीगण एवं कर्मचारियों ने ष्संकल्प चिन्ह बैजष एवं नशा मुक्ति संकल्प ब्रेसलेट धारण कर अपने-अपने कर्तव्यों के निर्वहन हेतु निकलते समय जनमानस को प्रेरित करने वाला दृश्य प्रस्तुत किया। वर्दी पर लगा यह बैज और हाथों में बंधा संकल्प ब्रेसलेट केवल प्रतीक नहीं, बल्कि पूरे समाज को नशे के विरुद्ध एकजुट होने का संदेश था। इन चिन्हों को धारण करते हुए पुलिस बल कर्तव्य पथ पर न केवल कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए आगे बढ़ा, बल्कि हर नागरिक को यह प्रेरणा भी दी कि- नशे से नहीं, संस्कारों से बनता है समृद्ध समाज - यह विशेष जनजागरूकता अभियान 15 जुलाई से 30 जुलाई 2025 तक जिले में चलाया जा रहा है, जिसमें अनेक गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं, जैसे- बाइक रैली, पोस्टर एवं निबंध प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक, स्कूल एवं कॉलेजों में जागरूकता कार्यक्रम, सामुदायिक संवाद सत्र 'मध्यप्रदेश पुलिस नशा मुक्त समाज के निर्माण हेतु दृढ़ संकल्पित है। पन्ना जिले में यह अभियान नागरिकों की सक्रिय सहभागिता और जनचेतना के बल पर निरंतर गति प्राप्त कर रहा है।'

# शाहनगर थाना क्षेत्र में अवैध शराब का भंडारण करने वाले 1 व्यक्ति को किया गया गिरफ्तार

**आरोपी के कब्जे से 54 लीटर अवैध शराब कीमती करीब 27000 हजार रूपये की जप्त**

पन्ना।



पुलिस अधीक्षक पन्ना साईं कृष्णा एस.थोटा द्वारा जिले के समस्त थाना/चौकी प्रभारियों को अवैध शराब का निर्माण, परिवहन, भण्डारण एवं विक्रय करने वाले व्यक्तियो के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया था। इसी तारतम्य में थाना शाहनगर में 01 व्यक्ति के विरूद्ध अपराध कायम किया जाकर विवेचना में लिया गया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशानुसार थाना प्रभारी शाहनगर उनि मनोज यादव द्वारा अपने थाना क्षेत्र में गठित पुलिस टीम के साथ मिलकर मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। जिसके फलस्वरुप दिनांक 18/07/2025 को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति ग्राम खमतरा में चाय पान की टपरिया में बिक्री हेतु भारी मात्रा में अवैध शराब रखे हुये है। थाना प्रभारी शाहनगर द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को मुखबिर सूचना से अवगत कराया जाकर वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के निर्देशानुसार थाना प्रभारी शाहनगर द्वारा पुलिस टीम के साथ मुखबिर सूचना की तस्दीक हेतु मुखबिर के बताये स्थान पर पहुँचकर देखा गया, जो मुखबिर के बताये अनुसार ग्राम खमतरा पटपरी आम रोड पर एक व्यक्ति पुलिस टीम को देखकर भागने लगा। पुलिस टीम द्वारा तत्परता पूर्वक घेराबंदी कर उक्त व्यक्ति को पुलिस अभिरक्षा मे लेकर उसका नाम पता पूछा गया जिसके द्वारा अपना नाम पता पुलिस टीम को बताया गया। पुलिस टीम द्वारा उक्त व्यक्ति के पान टपरा की तलाशी ली गई जिसमें खाखी रंग के 06 कार्टून(पेटी) रखे थे। जिनको खोल कर चेक किये जाने पर उसमें 54 लीटर अवैध देशी शराब कीमती करीब 27000 हजार रूपये की रखी होना पाया गया। पुलिस टीम द्वारा उक्त अवैध शराब को जप्त किया जाकर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। मामले में आरोपी के विरूद्ध थाना शाहनगर में अपराध क्रमांक 235/25 धारा 34(2) आव. एक्ट कायम किया जाकर विवेचना में लिया गया।

**नाम पता आरोपी-** राजेश कुमार राय निवासी खमतरा थाना शाहनगर जिला पन्ना।

**जप्त सामग्री-** पुलिस टीम द्वारा आरोपी के कब्जे से खाखी रंग के 06 कार्टून (पेटी) में कुल 54 लीटर अवैध देशी शराब कीमती करीब 27000 हजार रूपये की जप्त की गई है।

**सराहनीय योगदान-** उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी शाहनगर उपनिरीक्षक मनोज कुमार यादव , सउनि. लखनलाल प्यासी, प्रधान आर. मनोज त्रिपाठी, आरक्षक सोहन एवं महिला आरक्षक दीक्षा का सराहनीय योगदान रहा। पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा उक्त पुलिस टीम को पुरस्कृत की जाने की घोषणा की गई है।

# जनसंख्या संतुलन एवं परिवार कल्याण, सशक्त राष्ट्र के निर्माण की आधारशिला डॉ. अभिषेक जैन

देवेन्द्रनगर।



मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ अभिषेक जैन द्वारा बताया गया कि प्रतिवर्ष 11 जुलाई को श्विश्व जनसंख्या दिवसश के रूप में मनाया जाता है। भारत शासन से प्राप्त संदर्भित दिशा-निर्देश अनुसार इस वर्ष 11 जुलाई से 18 जुलाई 2025 के मध्य विश्व जनसंख्या दिवस अभियान मनाया जाना है। मध्यप्रदेश शासन द्वारा विगत कई वर्षों से विश्व जनसंख्या दिवस पखवाड़े के रूप में ना मनाकर विश्व जनसंख्या माह (11 जुलाई से 11 अगस्त तक) के रूप में मनाया जाता रहा है जैसा कि आप सभी को विदित ही है कि परिवार नियोजन यूनिवर्सल हेल्थ केयर प्राप्त करने हेतु एक महत्वपूर्ण कड़ी है। हमारा प्रदेश भी जनसंख्या स्थिरीकरण के राष्ट्रीय लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में लगातार काम कर रहा है। परिवार नियोजन की सेवाओं की पहुंच जन-समुदाय को ना होने के कारण अवांछित गर्भधारण में वृद्धि के कारण मातृ मृत्यु दर, स्वास्थ्य संबंधी जटिलतायें एवं नवजात के स्वास्थ्य पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है। परिवार नियोजन की सेवायें मुख्य रूप से आधुनिक लघुकालीन और दीर्घकालीन गर्भनिरोधकों, स्थायी परिवार नियोजन साधनों, सूचना, परामर्श और सेवाएं प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित करती हैं। इस वर्ष विश्व जनसंख्या दिवस अभियान का नारा है-माँ बनने की उम्र वही कवह और मन की तैयारी सही। समग्र सामाजिक समृद्धि एवं भावी पीढ़ी के सुखद भविष्य की दिशा में पहला कदमपरिवार कल्याण की सुनिश्चितता और जनसंख्या स्थिरीकरण मध्यम एवं दीर्घकालिक विकास की अवधारणा को साकार करने हेतु परिवार नियोजन एवं जनसंख्या संतुलन अत्यावश्यक घटक हैं। अत्यधिक जनसंख्या वृद्धि स्वास्थ्य सेवाओं, संसाधनों, एवं र्प्यावरणीय संतुलन पर प्रतिकूल प्रभाव डालती है। अतः प्रत्येक नागरिक का नैतिक उत्तरदायित्व बनता है कवह संयमित, शिक्षित तथा स्वास्थ्य-सम्मत जीवन शैली अपनाए।

मुख्य संदेश- दंपत्तियों को दो संतान नीतिगर्भनिरोधक उपायों एवं स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी दी जाए। किशोरावस्था से ही प्रजनन स्वास्थ्य एचआईवी जागरूकतातथा माता-पिता की भूमिकापर शिक्षण हो। प्रत्येक दंपति परिवार नियोजन संबंधी विकल्पों के बारे में जानकारी प्राप्त करें। स्थानीय स्वास्थ्य केंद्रों में निःशुल्क परामर्श एवं सेवाएँ उपलब्ध हैं। जागरूक नागरिक स्वयं तो सावधान रहें ही, समाज में जागरूकता भी फैलाएं। मातृ एवं शिशु मृत्यु दर कम करने हेतु समय पर प्रसवपूर्व जांच कराएँ।



## विमल यादव कार्यकारी प्रांताध्यक्ष नियुक्त होने पर जिले के पटवारियों ने फूल माला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर किया स्वागत

**पन्ना।** प्रांतीय पटवारी संघ भोपाल के संविधान की कंडिका 15 में अध्यक्ष के अधिकार एवं प्रांतीय पटवारी संघ के गठन के पश्चात प्रदेश/जिले में संगठन के विस्तार व पटवारियों की समस्या को प्रदेश/जिला स्तर पर निराकरण हेतु आपको प्रांत का कार्यकारी प्रांताध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनके नियुक्त होने पर आज पटवारी संघ पन्ना पटवारी द्वारा उनके निवास में पहुंचकर प्रांताध्यक्ष बनने पर फूल माला पहनकर एवं रंगोली लगाकर मिठाई खिलाते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। श्री यादव ने कहा कि कार्यकारी प्रांताध्यक्ष प्रांतीय पटवारी संघ भोपाल नियुक्त करने के लिए प्रांतीय नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है एवं उन्होंने कहा कि मैं अपने दायित्व निभाने की पूरी कोशिश करूँगा। इस स्वागत में जिला अध्यक्ष सुरेंद्र वर्मा, अजय पाठक, ब्रजेन्द्र, रघुनाथ प्रसाद, दीपक सिंह, जिला सचिव रेवती रमन मिश्रा, भरत प्रजापति, पंकज कुशवाहा, सतीश गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष दिलीप कोरी, विधायक निज सचिव बालक राम पटेल, फेरन सिंह यादव,अखंड प्रताप सिंह, पुष्पेंद्र सिंह, डॉक्टर राकेश सोनी, सलीम खान जी, चन्दन सिंह, राजेंद्र सिंह आदि ने बधाई दी।

## ग्राम मझगॉय में आयोजित की गई आपातकालीन ग्राम सभा

# सरपंच की अध्यक्षता में संकल्प पारित

**उपस्थित ग्राम सभा सदस्यो ने किया श्रमदान**

**मोतीसागर तालाब पार निर्माण से गांव का अवागमन होगा बहाल संकल्प पारित**

पन्ना।





ग्राम पंचायत मझगॉय में आज सरपंच राजकिशोर खगार की अध्यक्षता में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा सदस्य जगदीश सिंह ने की प्रस्ताव रखा गांव के एक मात्र रास्ता जहां से पूरा गांव का आना कृ जाना होता है अतिवृष्टि से बह गया है। ग्रामीण बहुत परेशानी का समाना कर रहे है। सरपंच ने पंचायत राज एवं ग्राम स्वाराज अधिनियम 1993 की धरा 6 एक की शक्तियो का प्रयोग करते हुए आपातकालीन ग्राम सभा का आयोजन किया एवं मोतीसागर तलाब की पार जो बह गई है उसे तत्काल पूर्ण करने का संकल्प पारित किया गया एवं उसकी प्रति जनपद कार्यालय को तकनीकी स्वीकृति के लिये भेजा। जनपद अजयगढ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सतीष सिंह नागवंशी एवं प्रभारी पंचायत निरीक्षक योगेश सिंह ने अपने मातहत अमले को ग्रामीणो की समस्या का निराकरण तत्काल करने का निर्देश दिया। श्रमदान का संकल्प पास- ग्राम सभा में सदस्यो ने श्रमदान करने पर भी सहमत हुए और सभी एकजुट होकर लगभग एक घंन्टे नदी से पत्थर एकत्र किया जो लगभग एक टाली एकत्र किया है। जिसका मूल्य तीन से चार हजार होगा। आगे भी गांव के लोग एकजुट होकर पंचायत के विकास में जनभागीदारी से विकास में सहयोग करेगे। श्रमदानियो के नाम इस प्रकार है - सरपंच रामकिशोर खगार, सचिव राजाराम प्रजापति, रामकुमार यादव रोजगार सहायक, मुन्ना सिंह, पप्पी सिंह ,जगदीश सिह,बाबू सिंह, नन्द किशोर, रजवा रजक, बरातीलाल रजक, बारेलाल रजक, पंचायत धनराज सिह, शिव प्रसाद सोनी, राजाराम केवट, पेरम सिह समर्थन से राजकुमार मिश्रा, ज्ञानेन्द्र तिवारी एवं कमलचन्द्र सेन ने श्रमदान किया।

# बीमारी की हालत में डोली कंधों के सहारे पहुंचते हैं अस्पताल

**डोली कंधों पर विकास, नरकीय जीवन जीने को मजबूर पिपरिया तिवारी के दलित बस्ती के लोग**

**सड़क न होने से बरसात के दिनों में आवागमन हो जाता है बंद**



**पवई।** पन्ना जिले को प्रदेश में यूं ही नहीं पिछड़े जिलों में गिना जाता है,यहां शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सारे प्रदेश के बाद मिलता है।सरकार की लाख कोशिशों के बावजूद आज भी पन्ना जिले में कई ग्राम ऐसे हैं जो सड़क,बिजली, पानी जैसी मूलभूत आवश्यकताओं से वंचित है। हम बात कर रहे हैं पन्ना जिले के पवई जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत हथकुरी के ग्राम पिपरिया तिवारी की 200 लोगों की आबादी वाली दलित बस्ती की जहां आजादी के बाद भी सड़क मार्ग न होने से रहवासी नरकीय जीवन जीने मजबूर हैं। बारिश के चार माह उन्हें काला पानी की सजा जैसे बिताने पड़ते हैं, उनका बाहरी दुनिया से संपर्क न के बराबर होता है,जिसकी वजह है बस्ती तक पहुंच मार्ग का न होना। ग्राम आज भी पहुंच मार्ग से वंचित है। गांव में यदि कोई बीमार होता है तो उन्हें कंधों या डोली के सहारे ही अस्पताल तक जाना पड़ता है। आपको बता दें कि इस बस्ती में लगभग एक दर्जन विद्यार्थी हैं जो बरसात के दिनों में पहुंच मार्ग न होने की वजह से विद्यालय नहीं जा पाते,ग्राम की महिला सुमित्रा वंशकार ने बताया कि गांव में सड़क मार्ग न होने से वाहन न आने के कारण मेरे बीमार पति की मौत भी बीते महीनो पहले हो चुकी है। इसी तरह ग्राम की गर्भवती महिलाओं को भी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ग्राम में आज भी कई बुजुर्ग ऐसे हैं,जिनकी सड़क को देखने के लिए आंखें तक पथरा गई हैं, और आज तक उन्हें सड़क मार्ग नसीब नहीं हुआ। ग्राम की लगभग 65 वर्षीय हक्की बाई जिसको उसके परिजनों के द्वारा डोली पर बैठा कर अस्पताल इलाज के लिए ले जाया गया। कई बार शासन प्रशासन से ग्रामीणों के द्वारा पहुंच मार्ग के लिए आवेदन दिया गया। लेकिन उसके बाद भी आज तक सड़क जैसी मूलभूत सुविधा नहीं मिली। सोचने वाली बात तो यह है कि विकास के लाख दावे करने वाली सरकार क्या उन्हें इन ग्रामीणों का दर्द नहीं दिखता क्या ग्रामीणों को सड़क नसीब होगी और कब तक होगी यह देखने वाली बात है। वही जब इस मामले को लेकर जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी से बात की गई तो उन्होंने कहा कि आप लोगों के माध्यम से जानकारी प्राप्त हुई है बरसात में वैकल्पिक व्यवस्था की जाएगी ताकि आवागमन हो सकें, वर्षा उपरांत जिला पंचायत में प्रस्ताव पारित कराके सड़क मार्ग निर्माण की कार्यवाही की जाएगी।

खबर संक्षेप

## आधुनिक यंत्रों से लैस नगर में खुला दांतों का क्लिनिक



**अनपरा सोनभद्र** । नगर के तापीय परियोजना आवासीय परिसर फोर्थ टाइप-31में आधुनिक माडल में दंत क्लिनिक खुल गया है।

अस्पताल के संचालक ने बताया कि यह कंप्यूटराइज्ड डेंटल क्लीनिक है,यहां पर अत्याधुनिक उपकरणों द्वारा दांतों व त्वचा से संबंधित सभी प्रकार का इलाज किया जाता है।उन्होंने बताया कि आजकल उचित खान-पान न होने की वजह से दांतों की बीमारियां बढ़ती जा रही है।अस्पताल में नई तकनीक के द्वारा स्थाई रूप से दांत लगाने की भी सुविधा उपलब्ध है। लेजर ट्रीटमेंट द्वार चेहरे पर गहरे दाग झाइयाँ, मास्सा और एक बड़ा काला निशान दाग-धब्बे और पिग्मेंटेशन को ठीक कर चेहरे की त्वचा को स्मूद और ग्लोइंग बिना सर्जरी के, दर्द रहित और सेफ प्रक्रिय त्वचा की गहराई तक ईलाज कर और नए सेल्स को बढ़ावा देता है। एक्ने के निशान और सन डैमेज का भी ईलाज किया जाता है। इस तरह के त्वचा को सुंदर रखने के लिए डाक्टर ने जानकारी दी!

## नहर बनीं गौरारी गांव की गलियां, दर्जनों मकान ध्वस्त



**महाराजपुर**। तहसील क्षेत्र के ग्राम गौरारी की गलियां इस समय नहर बनी हुई हैं। वहीं घरों में पानी घुसने से करीब दो दर्जन मकान ध्वस्त हो गए और सामान बर्बाद हो गया। लगातार बारिश के कारण गलियों और घरों में जलभराव से जनजीवन अस्त-व्यस्त हैं। मकानों में पानी घुसने से सामान खराब हो गया और मवेशियों के लिए चारा व ठिकाने की समस्या पैदा हो गई। पीड़ित दीनदयाल, भगत बरार, हरिश्चंद्र, गौरी शंकर बरार, आसाराम कुशवाहा, राजेंद्र सिंह यादव, सीताराम यादव, सीमा पाल, सरला पाल, भूपेंद्र यादव, कंदीलाल आदि ने बताया कि उनके मकान पूरी तरह ध्वस्त हो गए हैं, खाने-पीने का सामान, बर्तन, अनाज तक बर्बाद हो गया है। वहीं गांव के प्रधान झल्लू कुशवाहा ने प्रशासन को सूचना दी, जिसके बाद हल्का पटवारी अंकुर पांडे, पंचायत के रोजगार सहायक नंदलाल पाल, सरपंच प्रतिनिधि पुत्तीलाल कुशवाहा ने क्षतिग्रस्त मकानों का निरीक्षण किया। पीड़ितों को क्षतिग्रस्त मकानों से दूर रहने की सलाह दी गई है और धर्मशाला तथा स्कूल में परिवारों के ठहरने की व्यवस्था की गई हैं।

## ट्यूशन पढ़ने गए बच्चे का पानी की टंकी में मिला शव



**छतरपुर**। शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र के देरी रोड पर शिव नगर कॉलोनी में बीती शाम एक 6 वर्षीय बच्चे की घर के बाहर बनी पानी की टंकी में डूबने से मौत हो गई। बच्चा ट्यूशन पढ़ने के लिए घर से निकला था लेकिन जब वापिस नहीं लौटा तो उसकी तलाश की गई, जिसके बाद पानी की टंकी में उसका शव मिला। परिजन उसे अस्पताल ले गए थे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक हिमांशु विश्वकर्मा उम्र 6 वर्ष के पिता राममिलन ने बताया कि उनका पुत्र कक्षा एक में पढ़ता था। शुक्रवार की शाम करीब 4 बजे वह मोहल्ले के ही एक शिक्षक के घर ट्यूशन पढ़ने के लिए गया था। साढ़े 5 बजे तक जब घर वापिस नहीं लौटा तो परिजनों ने तलाश शुरू की। घर के बाहर बनी पानी की टंकी के पास उसका स्कूल बैग मिला।

### दोनों पक्षों के दर्जन भर से ज्यादा लोग घायल, जिला अस्पताल में चल रहा इलाज

# राधेपुर में 2 पक्षों के बीच हुआ विवाद, जमकर चले लाठी-डंडे

**छतरपुर। शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम राधेपुर में शुक्रवार को दो पक्षों के बीच अज्ञात कारणों के चलते विवाद हो गया और दोनों पक्षों के बीच जमकर लाठी-डंडे चले।**

विवाद में दोनों पक्षों के एक दर्जन से ज्यादा लोग घायल हुए हैं, जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। राधेपुर निवासी धनप्रसाद यादव ने बताया कि सुबह के वक्त वे दूध देकर घर लौट रहे थे, तभी रास्ते में आरोपियों ने उन्हें रोका और मारपीट शुरू कर दी। उन्होंने बताया कि आरोपियों ने चुनावी रंजिश को लेकर हमला किया है। मारपीट में धनप्रसाद के पक्ष से घायल होने वालों में उसके अलावा राकेश यादव, नारायणदास यादव, रूप सिंह, भागीरथ, जगतराज यादव, भान सिंह यादव सहित एक अन्य शामिल हैं। वहीं दूसरे पक्ष के अवधेश यादव ने बताया कि पाल और यादव समाज के बीच विवाद था, जिसमें उनका कोई लेना-देना नहीं था, फिर भी उनके साथ मारपीट की गई। उन्होंने दावा किया कि आरोपियों में से किसी ने हवाई फायर भी किया। इस पक्ष से घायल होने वालों में अवधेश यादव के अलावा, प्रमोद पाल, लक्ष्मी पाल, काशी यादव, मुन्ना यादव, राजकिशोर यादव, दीपेंद्र यादव सहित एक अन्य शामिल हैं।



## छतरपुर की दीनदयाल रसोई को चोर ने बनाया निशाना



**छतरपुर**। शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के मेला ग्राउंड में स्थित दीनदयाल रसोई को बीती रात अज्ञात चोर ने निशाना बनाया है। रसोई प्रबंधन समिति के सदस्य विपिन अवस्थी ने बताया कि रात करीब पौने तीन बजे एक व्यक्ति रसोई परिसर की बाउंड्री फांदकर अंदर दाखिल हुआ और इसके बाद रसोई का ताला तोड़कर अंदर घुसा, जहां से उसने डीवीआर, टीवी, जियो फाइबर मॉडम और डोनेशन बॉक्स सहित 80 से 90 हजार रुपये का सामान चुरा लिया है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने मौके का मुआयना कर जांच शुरु की है। जो सीसीटीवी फुटेज सामने आए हैं, उनमें दिख रहे व्यक्ति का चेहरा स्पष्ट नहीं है।

## डेढ़ दर्जन से अधिक आदिवासी बाहुल्य ग्रामों में भेजी गई मोबाईल मेडिकल यूनिट

**छतरपुर**। धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष ग्राम अभियान के समापन कार्यक्रम के पश्चात बक्सवाहा क्षेत्र के 20 आदिवासी बाहुल्य ग्रामों में मेडिकल मोबाईल यूनिट का शुभारंभ किया गया है। कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देशन में मोबाईल मेडिकल टीम प्रत्येक ग्राम में समस्त नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण करेगी एवं बीमारियों से ग्रसित मरीजों का आवश्यक रक्त जांच एवं उपचार से संबंधित दवाइयां प्रदाय की जाएगी। जो गंभीर बीमारी से ग्रसित पाए जायेगें उन्हें जिला अस्पताल में रेफर किया जाए। जिला प्रशासन के इस प्रयास से बक्सवाहा क्षेत्र के आदिवासी बाहुल्य 20 ग्रामों में 11 माह तक समुचित उपचार की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। यह मोबाइल मेडिकल यूनिट सिनर्जी संस्थान हरदा के सौजन्य से एवं सीएमएचओ डॉ.आर.पी गुप्ता के मार्गदर्शन में बक्सवाहा ब्लॉक के 20 आदिवासी बाहुल्य ग्रामों में माध्यम से जनजातीय आदिवासी एवं अन्य ग्राम वासियों का ग्राम में ही वाहन में उपस्थित मेडिकल टीम द्वारा समस्त गर्भवती माता, समस्त बच्चे एवं अन्य समस्त ग्रामवासियों की स्वास्थ्य जांच एवं उपचार 11 माह तक किया जाएगा। मेडिकल मोबाईल यूनिट में डॉक्टर सहित मेडिकल टीम, समस्त दवाइयां, ई.सी.जी एवं समस्त रक्त जांचो की सुविधा उपलब्ध है। इसके लिए दिनांकवार रोस्टर बनाया गया है।

## रेल्वे ट्रैक पर मिला विकलांग युवक का शव, ट्रेन से गिरने का संदेह

**छतरपुर। दो दिन पहले शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र में ढड़ारी ओवर ब्रिज के पास रेलवे ट्रैक पर एक अज्ञात विकलांग व्यक्ति का शव मिला था, जिसकी शिनाख्त हो चुकी है। प्रथम दृष्टया यह मामला चलती ट्रेन से गिरने का प्रतीत हो रहा है, लेकिन परिजनों ने मामले को संदिग्ध बताया है, जिसके चलते पुलिस बारीकी से मामले की जांच कर रही है।**



प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान बलराम पुत्र टीकाराम रैकवार (33 वर्ष) निवासी नूरपुर थाना त्योंदा जिला विदिशा के रूप में हुई है जो कि दाहिने पैर से विकलांग था और बैसाखी के सहारे चलता था। बताया गया है कि मृतक भिक्षावृत्ति से गुजारा किया करता था। बुधवार को वह अपने जीजा नारायण, प्रकाश और भतीजे अजय के साथ उत्तरप्रदेश के ललितपुर स्टेशन से छतरपुर जिले के एक तीर्थ स्थल पर जाने के लिए सवार हुआ था। रात के वक्त जब बलराम के साथ आए लोग सो गए, तभी वह लापता हो गया था। बाद में उसकी तलाश भी की गई लेकिन कुछ पता नहीं। गुरुवार की सुबह ईसानगर-छतरपुर रेलवे स्टेशन के बीच ढड़ारी ब्रिज के पास एक शव मिला। पुलिस ने काफी जांच-पड़ताल की और बलराम के जीजा नारायण से संपर्क कर उन्हें छतरपुर बुलाया। नारायण ने बताया कि शुक्रवार की रात को पुलिस के माध्यम से उन्हें सूचना मिली थी, जिसके बाद वे छतरपुर जिला अस्पताल पहुंचे और शव की शिनाख्त की। सिविल लाइन थाना प्रभारी बाल्मिक चौबे ने बताया कि मामले की जांच जारी है।

## कियोस्क संचालक पर लगा लाखों की धोखाधड़ी का आरोप

### पीड़ित उपभोक्ताओं ने विधायक को सुनाई समस्या, मांगा न्याय

**छतरपुर**। शहर में एक कियोस्क बैंक संचालक द्वारा दर्जनों लोगों के साथ धोखाधड़ी किए जाने का मामला सामने आया है। शनिवार को पीड़ित उपभोक्ताओं ने छतरपुर विधायक को ज्ञापन सौंपकर अपनी समस्या सुनाई और मामले में उचित कार्रवाई कराकर पैसे वापिस दिलाने की मांग की है। सीताराम कॉलोनी निवासी जगदीश अनुरागी ने बताया कि कियोस्क संचालक अरविंद रैकवार निवासी बगौता तिराहा ने करीब 40 लोगों के खातों में जमा रकम फर्जी तरीके से निकाल ली है। पहले कियोस्क संचालक पैसे वापिस लौटने की बात कह रहा था लेकिन अब कई दिनों से वह लापता है। पीड़ितों ने बताया कि उनके साथ धोखाधड़ी की गई, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति प्रभावित हुई है। वहीं विधायक ललिता यादव ने आश्वासन दिया कि वे मामले की जांच करवाएंगी, इसके लिए उन्होंने बैंक और पुलिस से बात की है। विधायक ने कहा कि पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे।



## आधा दर्जन फोन चुराए पुलिस ने दबोचा




**बकस्वाहा**। बच्चों में बढ़ती स्मार्टफोन की लत, उन पर किस तरह हावी हो रही है, इसका उदाहरण जिले के बकस्वाहा से सामने आया है। यहां एक 15 वर्षीय लड़का, मोबाइल की चाहत में चोर बन गया है। करीब एक सप्ताह पहले लड़के ने बम्होरी बस स्टैंड पर स्थित चौरसिया मोबाइल दुकान में सेंधमारी कर दो नए और पांच रिपेयरिंग वाले मोबाइल फोन चोरी किए थे। जांच के बाद पुलिस ने नाबालिग आरोपी को पकड़ लिया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक दुकानदार पुरुषोत्तम चौरसिया की शिकायत पर बम्होरी चौकी प्रभारी बीरेंद्र परस्ते ने मामला दर्ज किया था। बकस्वाहा पुलिस और साइबर सेल ने संयुक्त कार्रवाई में मोबाइलों को ट्रैक कर मझगुवांघाटी से एक नाबालिग को हिरासत में लिया। पूछताछ में किशोर ने बताया कि, मेरे पास फोन नहीं था, इसलिए रात 12 बजे पैदल दुकान पहुंचा, ताला तोड़ा, और सुबह 4 बजे मोबाइल लेकर घर लौटा। पुलिस ने सभी चोरी गए मोबाइल उसके घर से बरामद कर लिए हैं। बकस्वाहा थाना प्रभारी सुनीता बिंदुआ ने बताया कि नाबालिग के खिलाफ किशोर न्याय अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है।

## सरसेड़ में आधा दर्जन से अधिक कच्चे मकान ध्वस्त, ग्रामीण बेघर

### पीड़ितों ने लगाई मदद की गुहार, प्रशासन कर रहा नुकसान का आकलन

**हरपालपुर**। नौगांव तहसील क्षेत्र के ग्राम सरसेड़ में बारिश ने भारी तबाही मचाई है। आधा दर्जन से अधिक परिवारों के कच्चे मकानों की छतें और दीवारें ढह गईं, जिससे ग्रामीण खुले आसमान के नीचे जीने को मजबूर हैं।



पीड़ित परिवारों ने शासन-प्रशासन से तत्काल मदद की गुहार लगाई है। ग्राम पंचायत सरसेड़ में पंचू कुशवाहा, बालादीन भदोरिया, फूलचंद्र भदोरिया, कमलेश भदोरिया, काली चरण कोरी, और जितेंद्र सिंह के मकानों की छतें और दीवारें शुक्रवार सुबह ढह गईं। पीड़ितों ने बताया कि दो-तीन दिन की बारिश से पहले छतों से पानी टपकना शुरू हुआ, और शुक्रवार को अचानक मकान गिर गए। गनीमत रही कि हादसे के समय कमरों में कोई मौजूद नहीं था। ग्राम पंचायत परेथा में जगभान अहिरवार, फूलवती राजपूत, हजारी, रामकृपाल, और चतुर्भुज पटेल का कच्चा मकान ढह गया, जिसमें चतुर्भुज घायल हो गए। ग्राम पंचायत गलान में मूलचंद यादव और कराठा पंचायत के पपटुआ गांव में हरिश्चंद्र विश्वकर्मा, कुकरेल गांव में दुग्गन पाल के मकान भी बारिश में ध्वस्त हो गए। पीड़ित परिवार आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं और मकान मरम्मत के लिए संसाधनों का अभाव है। ग्रामीणों का कहना है कि अभी तक कोई प्रशासनिक अधिकारी नुकसान का जायजा लेने नहीं पहुंचा। नौगांव एसडीएम जीएस पटेल ने बताया कि पटवारियों को प्रभावित क्षेत्रों में भेजकर नुकसान का आकलन शुरू कर दिया गया है। प्रशासन ने पीड़ितों को जल्द राहत देने का आश्वासन दिया है।

## बारिश थमी लेकिन जनजीवन अब भी अस्त-व्यस्त

### ग्रामीणों ने आपदा को बनाया अवसर, जोखिम में डाल रहे जान



**चंदला**। जिले में लगभग 48 घंटे तक हुई भारी बारिश आखिरकार शुक्रवार की शाम को थम गई लेकिन जिले के अलग-अलग इलाकों में जनजीवन अब भी अस्त-व्यस्त है। इसी बीच कुछ लोगों ने इस आपदा को अवसर बना लिया है और वे अपनी जान को जोखिम में डालने से पीछे नहीं हट रहा है।
मामला चंदला विधानसभा क्षेत्र के गौरिहार के पास मौजूद ग्राम खड्डी का है, जहां के एक मार्ग के ऊपर से पानी का तेज बहाव है। चूंकि यह मार्ग उत्तरप्रदेश के शहरों की ओर जाता है इसलिए बड़ी संख्या में लोग यहां से आवागमन करते हैं। इसी का फायदा उठाकर स्थानीय लोग अपनी जान जोखिम में डालकर राहगीरों और उनके वाहनों को पैसे लेकर नदी पार करवा रहे हैं। बताया गया है कि पुल पर दो फीट से अधिक पानी का तेज बहाव जारी है, इसके बावजूद लोग जान जोखिम में डालकर नदी पार कर रहे हैं। प्रशासन की अनुपस्थिति का फायदा उठाते हुए स्थानीय लोगों ने इसे कमाई का जरिया बना लिया है।
एक राहगीर अजय सिंह ने बताया कि तेज बहाव के बावजूद मजबूरी में लोग नदी पार कर रहे हैं। प्रशासन की गैरमौजूदगी के कारण लोग स्वयं जोखिम उठा रहे हैं, साथ ही कुछ लोगों ने इसे कमाई का जरिया बना लिया है।

## कोतवाली में हुई बीट प्रभारियों की बैठक, नए अधिकारियों को प्रशिक्षण



### प्रभावी पुलिसिंग और जनसंपर्क पर जोर, अपराध नियंत्रण के निर्देश

**छतरपुर**। थाना कोतवाली परिसर में बीट और माइक्रोबीट प्रभारियों की बैठक शनिवार को आयोजित की गई, जिसमें नए प्रभारियों को प्रशिक्षण दिया गया। बैठक में क्षेत्र की जानकारी संकलित करने, अपराध नियंत्रण, और जनसंपर्क को मजबूत करने पर जोर दिया गया। मध्यप्रदेश शासन और पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार, जिले में प्रभावी पुलिसिंग और आमजन से सीधा संवाद स्थापित करने के लिए थाना कोतवाली क्षेत्र को बीट और माइक्रोबीट में विभाजित किया गया है। शनिवार को थाना प्रभारी निरीक्षक अरविंद सिंह दांगी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में हाल ही में स्थानांतरित होकर आए नए बीट प्रभारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस दौरान बीट, माइक्रोबीट पुस्तिका में संकलित जानकारी की समीक्षा की गई और क्षेत्र की पूर्व व वर्तमान स्थिति पर चर्चा हुई। थाना प्रभारी ने सभी प्रभारियों को अपने क्षेत्र में निरंतर भ्रमण करने, स्थानीय नागरिकों से संवाद स्थापित करने, जुआ, अवैध शराब, मादक पदार्थों की गतिविधियों पर नजर रखने, गुंडों और सूचीबद्ध अपराधियों की सतत निगरानी करने, क्षेत्र के भौगोलिक विवरण, प्रमुख जनप्रतिनिधियों, कर्मचारियों, और प्रभावशाली व्यक्तियों की जानकारी संकलित करने, साथ ही विवादग्रस्त क्षेत्रों, अपराधिक ठिकानों, मेलों-त्योहारों, घुमक्कड़ लोगों की गतिविधियों और पुराने विवादों की जानकारी नियमित रूप से बीट पुस्तिका में अद्यतन करने के निर्देश दिए। थाना प्रभारी ने स्पष्ट किया कि इस व्यवस्था का उद्देश्य थाना स्तर पर जनसंपर्क को सशक्त बनाना और अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना है, जिससे पुलिस का क्षेत्र पर नियंत्रण और सूचना तंत्र मजबूत होगा।

## छतरपुर से दमोह जा रही सिंह कंपनी की बस साठिया घाटी के पास पलटी, यात्री की दर्दनाक मौत, 1 युवक का हाथ कटा, डेढ दर्जन घायल



**छतरपुर**। जिला मुख्यालय छतरपुर से यात्रियों को लेकर दमोह जा रही सिंह कंपनी की बस क्र एमपी बी 21 पी 0786 बड़ामलहरा-हीरापुर के पास साठिया घाटी में पलट गई। मिली प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 यात्री की दर्दनाक मौत हो गई, तो वहीं एक यात्री का हाथ कट गया। और डेढ दर्जन से अधिक सवारियां घायल हो गईं, जिन्हें उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया।जानकारी के अनुसार सिंह बस सर्विस ट्रांसपोर्ट कंपनी की उक्त बस छतरपुर से दमोह के लिए सवारियां भरकर शुक्रवार की शाम को रवाना हुई लेकिन यात्रियों को यह पता नहीं था कि वह अपने गंतव्य स्थान पर पहुंच पायेंगे या नहीं। जल्दी पहुंचने और रास्ते में अधिक सवारियां मिलने के चक्कर में चालक बस को तेज रफ्तार से लेकर जा रहा था तभी साठिया घाटी में अचानक एक कार आ गई और उसको बचाने के चक्कर में तेज रफ्तार बस पलट गई। जिससे यात्रियों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और चीख पुकार मचने लगी। इस दर्दनाक हादसे में 30 वर्षीय दामोदर सिंह लोधी निवासी टेहटा आम थाना बटियागढ़ की मौके पर मौत हो गई। जबकि 45 वर्षीय शैलेष असाटी निवासी शिक्षक कालोनी दमोह का एक हाथ कटकर शरीर से अलग हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही। हीरापुर चौकी प्रभारी अरविंद सिंह ठाकुर और बड़ामलहरा टीआई श्रद्धा शुक्ला मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल 108 एम्बुलेंस की मदद से शाहगढ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भेजा, जहां प्राथमिक उपचार देने के बाद गंभीर रूप से घायल यात्रियों को सागर जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया। हादसे की गंभीरता को देखते हुये प्रशासन ने जांच के आदेश दिये हैं। इस दुर्घटना में जो अन्य लोग घायल हुये उनका प्राथमिक उपचार करने के बाद छुट्टी दे गई। और घायलों के परिजनों व मृतक के परिजन को तत्काल सूचना दी गई। चौकी हीरापुर में बस चालक के विरूद्ध मामला दर्ज किया गया है। और बस को जप्त भी कर लिया गया है।



## दस्तक अभियान 22 जुलाई से 16 सितम्बर तक चलाया जाएगा

*दस्तक अभियान में दो लाख से अधिक बच्चों की होगी स्वास्थ्य जाँच*

**रीवा।** जिले भर में 22 जुलाई से 16 सितम्बर तक स्वास्थ्य विभाग द्वारा दस्तक अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत पाँच साल तक के सभी बच्चों के स्वास्थ्य की जाँच की जाएगी। अभियान के दौरान जिले के रीवा और मऊगंज जिले के दो लाख 82 हजार से अधिक बच्चों के स्वास्थ्य की जाँच की जाएगी। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव शुक्ला ने बताया कि दस्तक अभियान के लिए प्रत्येक विकासखण्ड में प्रशिक्षित दल तैनात किए गए हैं। इस दल में एएनएम, आशा कार्यकर्ता, स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता शामिल हैं। इनके द्वारा घर-घर जाकर पाँच साल तक के सभी बच्चों के स्वास्थ्य की जाँच की जाएगी। सभी चिन्हित बच्चों को अतिरिक्त पोषण आहार एवं समुचित उपचार की सुविधा दी जाएगी। बच्चों को विटामिन ए का घोल, जिंक की टैबलेट तथा ओआरएस दिया जाएगा। वजन लेकर भी बच्चों के पोषण स्तर की माप की जाएगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि दस्तक अभियान में जो बच्चे कुपोषित अथवा बीमार मिलेंगे उन्हें उपचार की सुविधा देने के साथ-साथ उनका लगातार फॉलोअप किया जाएगा। अभियान के दौरान पाँच साल तक के सभी बच्चों में निमोनिया, जन्मजात विकृति एवं बच्चे की वृद्धि में विलंब की भी जाँच की भी की जाएगी। अभियान के दौरान बच्चों का सम्पूर्ण टीकाकरण भी किया जाएगा। पाँच साल तक के जिन बच्चों के टीके किसी वजह से निर्धारित तिथि से छूट जाने पर उन्हें मंगलवार और शुक्रवार के टीकाकरण दिवसों में आँगनवाड़ी केन्द्र ले जाकर टीके लगाए जाएंगे। बच्चों की स्वास्थ्य की जाँच के दौरान सिकल सेल एनीमिया की भी पहचान की जा जाएगी। अभियान के दौरान पाँच साल तक के बच्चों को विटामिन ए की खुराक भी दी जाएगी। अभियान के दौरान प्रत्येक बच्चे के अभिभावक को ओआरएस के दो पैकेट दिए जाएंगे। यदि कोई बच्चा डायरिया से पीड़ित पाया गया तो उसे अतिरिक्त दो पैकेट दिए जाएंगे। बच्चों को जिंक की 14 गोलियाँ भी दी जाएंगी। स्वास्थ्य विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग मिलकर अभियान चलाएंगे। इस अभियान में शिक्षा विभाग तथा ग्रामीण विकास विभाग का भी पूरा सहयोग लिया जाएगा।

## स्कूल में आयोजित किया गया डेंगू और मलेरिया बचाव जागरूकता कार्यक्रम

**रीवा।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा जुलाई माह को डेंगू निरोधक माह के रूप में मनाया जा रहा है। जिले भर में अभियान चलाकर लोगों को डेंगू और मलेरिया से बचाव के लिए जागरूक किया जा रहा है। इस क्रम में रीवा नगर निगम के वार्ड क्रमांक 15 में निजी स्कूल दून पब्लिक स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव शुक्ला ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन जिला मलेरिया कार्यालय तथा फैमिली हेल्थ इंडिया संस्था के सहयोग से किया गया। एंबेड परियोजना के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में मलेरिया इंस्पेक्टर आशीष पाण्डेय तथा एंबेड परियोजना की समन्वयक श्रीमती कंचन सिंह ने विद्यार्थियों को डेंगू और मलेरिया रोग के प्रमुख लक्षणों तथा उपचार की जानकारी दी। मच्छरों से बचाव के लिए घरों के आसपास, पुराने बर्तनों, टायर, गमलों आदि में पानी जमा न होने देने तथा घड़े, पानी की टंकी आदि की नियमित साफ-सफाई की सलाह दी गई। कार्यक्रम में बताया गया कि मच्छरों से बचाव के लिए सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें। शरीर पूरी तरह से ढका रहे ऐसे कपड़ों का उपयोग करें। सिरदर्द, जोड़ों में दर्द और बुखार की शिकायत होने पर शासकीय अस्पताल में डेंगू और मलेरिया की निःशुल्क जाँच कराएं। डॉक्टरों की सलाह के अनुसार समुचित दवा लेकर इन दोनों रोगों से पूरा बचाव हो जाता है।

### एनडीआरएफ की टीम ने 24 घंटे में 13 लोगों का किया रेस्क्यू

# महाना नदी का उफान, जनकहाई गांव बना टापू, छतों पर शरण लेने को मजबूर ग्रामीण

**रीवा।**





भारी बारिश और मेजा बांध के गेट खोले जाने के बाद महाना नदी अपने रौद्र रूप में आ गई है। इस जलप्रलय ने जवा थाना क्षेत्र के जनकहाई गांव के कुटिहा टोला को पूरी तरह से चारों ओर से घेर लिया। ग्रामीणों के घरों में पानी भर गया और हालात इतने विकट हो गए कि कई परिवार अपने घरों की छतों पर शरण लेने को मजबूर हो गए। प्रशासन को जैसे ही गांव में लोगों के फंसे होने की खबर मिली, तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू करवाया गया। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की संयुक्त टीमों ने स्थानीय पुलिस के सहयोग से बीते 24 घंटे से फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। जानकारी के अनुसार, मेजा बांध के 10 गेट खोले जाने से महाना नदी के साथ-साथ टमस नदी का जलस्तर भी तेजी से बढ़ा। इससे जनकहाई गांव की ओर तेज बहाव के साथ पानी आने लगा। गांव में पहले से बहने वाली एक अन्य छोटी नदी का प्रवाह भी उग्र हो गया, जिससे स्थिति और भयावह हो गई। गांव में फंसे लोगों तक पहुंचने के लिए रेस्क्यू टीम को महाना और टमस, दोनों नदियों को पार करना पड़ा। तेज बहाव और खराब मौसम के बावजूद टीम ने जोखिम उठाते हुए गांव में फंसे 13 लोगों को सुरक्षित निकाल लिया।बॉक्स छत में चढ़कर गुजारी पूरी रात गांव के कई घरों में अचानक पानी भरने से आदिवासी परिवारों को रात के समय ही ऊपरी मंजिल या छतों पर शरण लेनी पड़ी। चारों ओर फैले पानी और अंधेरे में ग्रामीण बेहद डरे-सहमे रहे। सुबह होते ही ग्रामीणों ने पुलिस और प्रशासन को अपनी स्थिति की जानकारी दी, जिसके बाद रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया।बॉक्स बच्चों और महिलाओं को सुरक्षित निकाला गयाबचाव अभियान में 6 पुरुष, 4 महिलाएं और 3 बच्चे शामिल थे। इनमें भोला पटेल, सत्य पटेल, चंद्रपाल, कैलशिया और अनीता समेत अन्य ग्रामीणों को बड़ी सावधानी से नाव के जरिए बाहर निकाला गया। प्रारंभ में कुछ ग्रामीण घर छोड़ने को तैयार नहीं थे, लेकिन पुलिस और अधिकारियों ने उन्हें समझाकर सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाया।

**त्योंथर में वृद्ध का किया रेस्क्यूतः** त्योंथर में आई भीषण बाढ़ के बीच एनडीआरएफ की टीम ने एक 70 वर्षीय वृद्ध को सुरक्षित बाहर निकालकर उनकी जान बचाई है। वृद्ध की पहचान राजा शुक्ला के रूप में हुई है। यह बाढ़ के पानी से घिर जाने के कारण अपने घर में ही फंसे हुए थे। उनके घर में चारों तरफ से पानी भर गया था, जिससे वे बाहर नहीं निकल पा रहे थे। जैसे ही इस बात की जानकारी एनडीआरएफ की टीम को मिली, वह तत्काल मौके पर पहुंची और बचाव अभियान शुरु किया। काफी मशक्कत के बाद, टीम ने वृद्ध राजा शुक्ला को उनके आवश्यक सामान सहित पानी से सुरक्षित बाहर निकाला।



## प्रशासनिक सेवा संघ ने कार्य विभाजन के नए आदेश पर जताई आपत्ति, तहसीलदारों ने कार्य विभाजन के विरोध में कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**रीवा ।**

जिला मुख्यालय में शुक्रवार को राजस्व विभाग के अधिकारियों का असंतोष सतह पर आ गया। तहसीलदारों और नायब तहसीलदारों के कार्य विभाजन के लिए जारी किए गए शासन के आदेश काका विरोध करते हुए तहसीलदारों और नायब तहसीलदारों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर प्रतिभा पाल को ज्ञापन सौंपा है। राजस्व अधिकरी कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ के बैनर तले एकजुट हुए अधिकारियों ने आदेश पर पुनर्विचार की मांग की। उन्होंने कहा कि पहले ही सीमित संसाधनों और कर्मचारियों के अभाव में काम किया जा रहा है। ऐसे में बिना पर्याप्त दिशा-निर्देशों और पूर्व तैयारी के कार्यों का पुनःवितरण न केवल अव्यवस्था फैलाएगा, बल्कि आमजन के लिए भी असुविधा का कारण बनेगा।संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि शासन स्तर से जारी आदेश में तहसीलों की वास्तविक कार्यशैली और संसाधनों की मौजूदा स्थिति का आकलन नहीं किया गया। वर्तमान में अधिकारी न्यायिक व प्रशासनिक दोनों प्रकार के कार्यों का समन्वय कर रहे हैं और अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी क्षमता के साथ कर रहे हैं। ऐसे में कार्यों को अलग-अलग विभागों में बांटना न केवल व्यवहारिक रूप से कठिन है, बल्कि इससे दायित्वों की अस्पष्टता भी बढ़ेगी। कलेक्टर प्रतिभा पाल ने ज्ञापन प्राप्त करते हुए कहा कि यह विषय शासन स्तर का है और जिला प्रशासन शासन के निर्देशानुसार ही कार्य करेगा। उन्होंने अधिकारियों को आश्वस्त किया कि प्राप्त निर्देशों के आलोक में कोई भी कार्यवाही की जाएगी। ज्ञापन सौंपने पहुंचे अधिकारियों में शिवशंकर शुक्ला, जितेन्द्र तिवारी, यतीश शुक्ला, बिंदु तिवारी समेत जिले के सभी तहसीलदार व नायब तहसीलदार मौजूद रहे।

### जिले में 108 एंबुलेंस ने निभाई अहम भूमिका, 223 पीड़ितों को पहुंचाया अस्पताल

## प्रदेश में छः माह में 4205 लोग बने सर्पदंश के शिकार, सबसे ज्यादा सागर में, रीवा दूसरे नंबर पर

**रीवा**



मानसून की पहली दस्तक के साथ ही मध्यप्रदेश के ग्रामीण और अर्ध-शहरी इलाकों में सर्पदंश (सांप के काटने) के मामलों में चिंताजनक तेजी देखी जा रही है। जनवरी से जून 2025 के बीच प्रदेश में कुल 4205 सर्पदंश के मामले दर्ज किए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार, सागर जिला सबसे अधिक प्रभावित रहा, जहां 311 केस सामने आए, जबकि रीवा दूसरे स्थान पर रहा जहां 223 मामले दर्ज हुए। हालांकि राहत की बात यह है कि पिछले वर्ष की तुलना में इस बार मामलों में 15% की कमी दर्ज की गई है। जनवरी से जून 2024 के बीच 4933 मामले दर्ज किए गए थे, वहीं 2025 में यह आंकड़ा घटकर 4205 पर आ गया है। विशेषज्ञ मानते हैं कि स्वास्थ्य सेवाओं की तत्परता और 108 एंबुलेंस की मुस्तैदी इस गिरावट का प्रमुख कारण है। यूं तो सर्पदंश के केस हर मौसम में ही सामने आते हैं, लेकिन बारिश के दिनों में बढ़ जाते हैं। बारिश की वजह से बिलों में पानी भर जाने से सर्प बाहर निकलते हैं, और इधर-उधर भागते हैं। जून माह से ऐसे सर्पदंश के केस बढने लगते हैं। इन दिनों अस्पताल में लगभग प्रतिदिन सर्पदंश के केस आ रहे हैं। वर्ष 2025 के शुरुआती छह महीनों में पिछले साल की तुलना में लगभग 728 कम मामले दर्ज हुए हैं, लेकिन स्वास्थ्य विभाग ने अनुमान जताया है कि जुलाई से सितंबर के बीच आंकड़ा तेजी से बढ़ सकता है। बॉक्स संभाग में 606 लोगों को मिली समय पर मददरीवा संभाग में सर्पदंश के कुल 606 मामलों में 108 एंबुलेंस सेवा ने त्वरित कार्रवाई की।यह आंकड़ा बताता है कि कैसे आपातकालीन सेवाओं की सक्रियता ने मौत के आंकड़ों को काफी हद तक थामे रखा।संभाग के जिलों में सर्पदंश के मामले इस प्रकार रहे । रीवा व मऊगंज में 311 केस सतना-मैहर 111 केस,सीधी 102 केस,सिंगरौली 82 केस 108 सेवा से अधिकतर मरीजों को 45 मिनट के भीतर अस्पताल पहुंचा दिया गया जिससे समय पर इलाज संभव हुआ।बॉक्स सर्पदंश के बारिश के मौसम में बढ़ते हैं मामले जानकारों के अनुसार, मानसून में ज़मीन के अंदर बसे सर्पों के बिलों में पानी भर जाता है जिससे सांप बाहर निकलकर खुले स्थानों में या घरों के आसपास आ जाते हैं।खेतों में काम कर रहे लोगों, बच्चों और बुजुर्गों को ये अधिक शिकार बनाते हैं। हर साल जून से सितंबर के बीच सर्पदंश के मामले तेजी से बढ़ते हैं। यही वह समय होता है जब हमें ग्रामीण इलाकों में ज्यादा सतर्क रहने की जरूरत होती है। बॉक्सझाड़-फूंक बन रहा मौत का कारणस्वास्थ्य विभाग और विशेषज्ञों का मानना है है कि सर्पदंश के बाद झाड़-फूंक कराने की आदत जानलेवा साबित हो रही है।अब भी बड़ी संख्या में लोग अस्पताल पहुंचने की बजाय तांत्रिक या ओझा के पास समय गंवा देते हैं। यदि पीड़ित को 30 से 60 मिनट के अंदर अस्पताल पहुंचा दिया जाए, तो उसकी जान 90% मामलों में बचाई जा सकती है। लेकिन झाड़-फूंक में उलझने से कई बार इलाज की 'गोल्डन विंडो निकल जाती है। जानकारों के मुताबिक, 80% से ज्यादा सांप जहरीले नहीं होते, लेकिन झाड़-फूंक से राहत मिलने की गलतफहमी के कारण लोग इन मामलों में भी अंधविश्वास को बढ़ावा देते हैं।बॉक्स सावधानी ही बचाव है ये उपाय जरूर अपनाएंखेत या झाड़ियों में काम करते वक्त जूते पहनें, रात को सोते समय चारपाई पर सोएं, ज़मीन पर नहीं,घरों के आसपास की घास या झाड़ियों की सफाई करें, सांप काटे तो शांत रहें, प्रभावित अंग को हिलाएं नहीं,तुरंत 108 एंबुलेंस या नजदीकी अस्पताल से संपर्क करें, झाड़-फूंक या घरेलू उपायों में समय ना गंवाएं।

### आज का युवा ही कल का राष्ट्र निर्माता है - नौसेना अध्यक्ष

## आत्मसंयम, समय का सम्मान, राष्ट्रभक्ति और नेतृत्व के गुण सफलता के मूलमंत्र





**रीवा ।** विन्ध्य क्षेत्र के गौरव और भारतीय नौसेना के अध्यक्ष एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय रीवा में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को प्रेरक उद्बोधन दिया। एडमिरल त्रिपाठी ने कहा कि राष्ट्र की रक्षा केवल शस्त्रों और सीमाओं की निगरानी से ही नहीं होती है। इसके लिए विचारों में स्पष्टता, उद्देश्य में दृढ़ता और अनुशासन में निरंतरता आवश्यक है। आज का युवा ही कल का राष्ट्र निर्माता है। युवाओं का दृष्टिकोण और संकल्पशक्ति ही देश की दिशा और दशा तय करते हैं। एडमिरल त्रिपाठी ने अपने गौरवमयी सैन्य जीवन के अनुभव साझा करते हुए कहा कि आत्मसंयम, समय का सम्मान, राष्ट्रभक्ति और नेतृत्व के गुण किसी भी क्षेत्र में सफलता के मूलमंत्र हैं। हर विद्यार्थी को अच्छी शिक्षा प्राप्त करने के साथ समाज के लिए अनुकरणीय योगदान देना चाहिए। वर्तमान शताब्दी भारत की शताब्दी है। देश को उन्नति की ऊंचाईयों तक ले जाने और समग्र विकास में युवाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। हर युवा को अपनी प्रतिभा और कठिन परिश्रम से समाज को सर्वोत्तम योगदान देना है। जीवन की असफलताओं से सीख लेकर मन की हताशा को मिटाकर पूरे उत्साह के साथ अपने लक्ष्य की पूर्ति का प्रयास करना चाहिए। जीवन में सदैव सकारात्मक दृष्टिकोण से उत्साह के साथ आगे बढ़ने के प्रयास करें। उन्होंने नौसेना का उदाहरण देते हुए कहा कि नौसेना, थलसेना और वायुसेना से समन्वय बनाकर संयुक्त शक्ति के रूप में राष्ट्र की रक्षा करती है। आगे बढ़ने और सफलता प्राप्त करने के लिए समन्वय के साथ ही प्रयास करना होगा। नौसेना अध्यक्ष ने विद्यार्थियों को नशामुक्त भारत की शपथ दिलाई। ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय पहुंचने पर नौसेना अध्यक्ष श्री त्रिपाठी का आत्मीय और भावभीना स्वागत किया गया। एनसीसी कैडेट्स ने नौसेना अध्यक्ष को गार्ड ऑफ आनर प्रस्तुत करके गरिमा प्रदान की। समारोह में प्राचार्य डॉ अर्पिता अवस्थी ने मुख्य अतिथि एडमिरल त्रिपाठी को शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष श्री राजेन्द्र ताम्रकार ने नौसेना अध्यक्ष का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। संस्था की ओर से नौसेना अध्यक्ष को अभिनंदन पत्र भेंट किया गया। समारोह में छात्राओं द्वारा बनाए गए एडमिरल त्रिपाठी के स्केच को भेंट किया गया। कार्यक्रम का संयोजन और समन्वय डॉ अमित तिवारी ने किया। कार्यक्रम का संचालन समाजशास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ अखिलेश शुक्ल ने किया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह, प्रोफेसर संजय शंकर मिश्रा, प्रोफेसर अजय शंकर पाण्डेय, डॉ महानंद द्विवेदी, महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापकगण तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय का 58वां स्थापना दिवस आज

**प्रभारी मंत्री होंगे मुख्य अतिथि**

**रीवा।** अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय का 58वां स्थापना दिवस 20 जुलाई को मनाया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल होंगे। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के तौर पर ध्रुव नारायण सिंह पूर्व विधायक, विक्रम सिंह विधायक रामपुर बघेलान, आनंद झा प्रदेश प्रवक्ता, प्रोफेसर राजेन्द्र सिन्हा कुलपति संदीप विश्वविद्यालय नासिक उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलगुरू प्रोफेसर राजेन्द्र कुमार कुड़रिया करेंगे।

# सड़क में पानी से भरे गड्ढे में डूबी 7 साल की मासूम, ग्रामीणों में आक्रोश, सगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत बक्छेरा गांव की घटना

**रीवा।**



जिले में पिछले कुछ दिनों से लगातार हो रही बारिश अब ग्रामीणों के लिए मुसीबत बनती जा रही है। खराब बुनियादी ढांचे और अधूरे निर्माण कार्यों के चलते गांवों में हालात बिगड़ते जा रहे हैं। बक्छेरा गांव में मंगलवार शाम एक दर्दनाक हादसे में 7 वर्षीय बालिका की जान चली गई। जलभराव और कच्चे रास्तों की वजह से मासूम की मौत ने पूरे गांव को झकझोर दिया है। जानकारी के अनुसार, बक्छेरा पंचायत में रहने वाली दीपांजली तिवारी पिता अमित तिवारी अपने घर के पास खेल रही थी। क्षेत्र में सड़क न होने और भारी बारिश से गांव के रास्ते तालाब में तब्दील हो चुके थे। बताया जा रहा है कि जिस रास्ते से ग्रामीण रोजाना आवागमन करते हैं, उसी के पास नहर की खुदाई की गई थी, जिसमें बारिश का पानी भर गया था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पानी से भरे इस गड्ढे के पास से गुजरते वक्त दीपांजली का संतुलन बिगड़ गया और वह फिसलकर पानी में जा गिरी। जब तक परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे, तब तक उसकी डूबने से मौत हो चुकी थी। घटना के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है। आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार सड़क निर्माण की मांग करने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई। उनका कहना है कि अगर समय रहते पक्की सड़क बनवा दी जाती और जल निकासी की उचित व्यवस्था होती, तो यह हादसा टल सकता था। वही गांव के बुजुर्गों और महिला मंडलों ने क्षेत्रीय विधायक, पंचायत प्रतिनिधियों और प्रशासन को घटना का जिम्मेदार ठहराया है। ग्रामीणों का कहना है कि बारिश में चलने योग्य सुरक्षित रास्ता तक नहीं है, जिससे रोजमर्रा की जिंदगी खतरे में पड़ गई है।

## नईगढी पुलिस ने एक वर्ष पूर्व हुये जघन्य हत्या का किया पर्दाफाश

**मऊगंज**



थाना प्रभारी नईगढ़ी जगदीश सिंह ठाकुर के नेतृत्व मे हमराह स्टाफ द्वारा एक वर्ष पूर्व हुई जघन्य हत्या में मृतक सुमित शर्मा पिता सुभाष चंद्र शर्मा उम्र 17 वर्ष निवासी देवरी सेंगरान थाना नंईगढी दिनांक 15/8/24 को रात्रि 9.00 बजे किसी से फोन पर बात करते हुए घर से निकला था कुछ देर बाद फोन से सम्पर्क किया तो फ़ोन नहीं उठाया। अगले दिन दिनांक 16/8/24 को सुबह करीब 7.00 बजे घर से करीबन 300 मीटर दूरी पर सुमित शर्मा का शव मिलने एवं शरीर पर गंभीर चोट के निशान मिलने से पंचनामा कार्यवाही बाद आरोपियों की पता तलाश की गई किन्तु कई महीनों तक कोई सुराग नहीं लगा। लगाकर आरोपियों के सम्बन्ध में गांव पर आस-पड़ोस में पता तलाश करने पर हत्या के सम्बन्ध में साक्ष्यों के आधार पर संदेहियों की पता तलाश की गई एवं संदेहियों से घटना के सम्बन्ध में कडाई से पूछताछ करने पर बताया कि मृतक सुमित शर्मा का पड़ोसी से प्रेम प्रसंग था कई बार परिजनों द्वारा मना करने के बाद भी नही मान रहा था इसी बात को लेकर आरोपियों ने अपने साथियों के साथ मिलकर योजना बनाई कि सुमित को रास्ते से हटाना है तो सभी लोग तैयार हो गये और आरोपी ने सुमित को फ़ोन करके घर पर बुलाया जहां पर सभी लोग पहले से ही सुमित को जान से मारने के नियत से बैठे थे जैसे ही सुमित शर्मा घर पर आया तो कमरे पर आरोपियों ने सुमित को पकड़कर चाकू से वार कर दिया। हत्या को छुपाने के लिए पानी गर्म करने की राड से आरोपियों ने मृतक के पैर एवं हाथ मे जला दिया था। मृतक सुमित की बाडी को ठिकाने लगाने के लिये बहुती कूड़ा लेकर जा रहे थे तो रास्ते मे गांव के लोगों ने आरोपियों को देख लिया । तब आरोपी मृतक की बाडी को वही खेत मे फेंक कर भाग गये घटना के संबंध में संदेहियों द्वारा घटना कारित करना कबूल करने पर आरोपियों को मौके पर गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया।

### गिरफ्तार आरोपी

1- दुर्गेश तिवारी पिता भास्कर दत तिवारी उम्र 27 वर्ष निवासी देवरी सेंगरान थाना नंईगढी जिला मऊगंज 2- अर्पित त्रिपाठी पिता चंद्रप्रताप त्रिपाठी उम्र 20 वर्ष निवासी देवरी सेंगरान थाना नंईगढी जिला मऊगंज। 3- अमित त्रिपाठी पिता चंद्रप्रताप त्रिपाठी उम्र 18 वर्ष निवासी देवरी सेंगरान थाना नंईगढी जिला मऊगंज।

## मऊगंज जनपद में एक दिवसीय क्लस्टर कार्यशाला का आयोजन

**मऊगंजः**




जल जीवन मिशन के तहत रीवा बाणसागर ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना के अंतर्गत परियोजना क्रियान्वयन इकाई रीवा की सहयोगी संस्था सेंटर ऑफ टेक्नोलॉजी एण्ड एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट (सीटेड) के द्वारा जनपद सभागार मऊगंज में एक दिवसीय क्लस्टर स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मऊगंज राम कुशल मिश्रा वही कार्यक्रम की अध्यक्षता असिस्टेंट काउंसलर वित्तीय साक्षरता (आरोह फाउंडेशन ) संतोष कुमार मिश्र ने किया विशिष्ट अतिथि के तौर पर सुपरवाइजर महिला एवं बाल विकास विभाग मंजू पाण्डेय महाविद्यालय के प्राध्यापक विभूति भूषण सिंह एसआई प्रज्ञा पटेल उपस्थित रहे। कार्यक्रम कई ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव, जीआरएस आंगनबाड़ी और आशा कार्यकर्ता एसएसजी अध्यक्ष और सचिव उपस्थित रही सीटेड की ओर से परियोजना समन्वयक सुश्री अमृता तिवारी, प्रकाशचंद्र द्विवेदी समस्त कम्यूनिटी मोबिलाइजर अंकित पाण्डेय, अमृता द्विवेदी, चंदन पांडेय, दिनेश प्रजापति,निशी सिंह, हिमांशु मिश्रा, सौरभ मिश्रा, सौरभ तिवारी, श्रुति तिवारी, सचिन तिवारी राम रतन मिश्र उपस्थित रहे